C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 78 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार , 4 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4



# जलझूलन महोत्सव : बरसात भी न रोक सकी आस्था, चारभुजानाथ संग हजारों भक्तों ने लगाई डुबकी

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी



राजेन्द्र बबलू पोखरना

मेंवाड़ का ऐतिहासिक धाम भगवान श्रीचारभुजानाथ का जलझूलन महोत्सव बुधवार को धार्मिक उल्लास और श्रद्धा की गूंज के बीच आयोजित हुआ। दिनभर रुक-रुक कर हुई बरसात भी भक्तों की आस्था को नहीं डिगा पाई। राजस्थान सहित पड़ोसी राज्यों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने पदयात्रा और वाहनों से कोटड़ी पहुंचकर प्रभु के दर्शन किए और जलझूलन यात्रा में भाग लेकर स्वयं को धन्य माना।

### चांदी की रेवाड़ी में विराजे भगवान, बेवाण को छूने की लगी होड़

दोपहर तीन बजे मुख्य पुजारी ने भगवान श्रीचारभुजानाथ की निज मूर्ति को अपने गोद में लेकर चांदी की सुसज्जित रेवाड़ी (बेवाण) में विराजमान कराया। जैसे ही प्रभु भक्तों के कंधों पर सवार होकर बाहर निकले, मंदिर परिसर में जयकारों की गूंज फैल गई। गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा, ढोल-नगाड़ों की थाप और हाथी-घोड़ा-पालकी, जय कन्हैया लाल की उद्घोष ने माहौल को भक्तिमय कर दिया। दर्शन के दौरान बेवाण को हाथ लगाने के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त होड़ रही।

### धर्माऊ तालाब पर उमड़ा जनसैलाब, जलविहार से गूंजे जयकारे

शाम ढलते ही जलझूलन यात्रा धर्माऊ तालाब पहुंची। यहां भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। गुलाब की वर्षा और उड़े गुलाल से वातावरण मानो वृंदावन की होली जैसा प्रतीत हो रहा था। तालाब के सोनी घाट पर प्रभु को भक्तों के कंधों पर उठाकर जलविहार कराया गया। तालाब में डुबकी लगाकर प्रभु को नहलाया गया। इसके बाद सामूहिक आरती हुई और भक्तों ने प्रभु के साथ स्वयं भी पवित्र डुबकी लगाकर आस्था व्यक्त की।

### 18 घंटे बाद पुनः मंदिर में विराजेंगे ठाकुरजी

जलझूलन यात्रा के लिए रेवाड़ी में विराजमान होने के बाद मंदिर की गद्दी 18 घंटे तक रिक्त रही। इस दौरान विशेष आकर्षक पोशाक से सजाए गए ठाकुरजी प्रतिरूप को गद्दी पर विराजमान कराया गया। बड़ी संख्या में भक्त मंदिर पहुंचकर ठाकुरजी के दर्शन करते रहे। गुरुवार सुबह 9 बजे चारभुजानाथजी वापस मंदिर पहुंचकर गद्दी पर विराजेंगे और इसके बाद प्रसाद वितरण होगा।

### परंपराओं का निर्वाह - हाथ से सिला गया बागा

सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार गांव के पटेल परिवार द्वारा लाए गए कपड़े से दर्जी समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में ही हाथ की सुई से भगवान का बागा (पोशाक) तैयार किया। भगवान किसान स्वरूप धारण कर इसी परंपरागत बागा में जलझूलन यात्रा पर निकले। भक्तों के लिए यह दृश्य श्रद्धा और आनंद का अद्वितीय संगम रहा।

### श्रद्धालुओं से अटे रास्ते, छतों और झरोखों से भी लिया आनंद

जैसे ही जलझूलन यात्रा नगर भ्रमण के लिए निकली, गलियां और मार्ग श्रद्धालुओं से भर गए। जगह न मिलने पर महिलाएं और पुरुष घरों की छतों व झरोखों से दर्शन करते नजर आए। 11 बेवाणों में विराजित भगवानों की झांकी के दर्शन के लिए भक्त भावविभोर हो गए। गुलाल उड़ाते और भजन-कीर्तन पर नाचते श्रद्धालुओं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद

ऐतिहासिक मेले में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। व्यवस्थाओं को सुचारु बनाने के लिए उपखंड अधिकारी तानिया रिणवा, एएसपी राजेश आर्य, उपाधीक्षक रविंद्र कुमार, तहसीलदार रामकिशोर मीणा और थाना प्रभारी महावीर मीणा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मेले में भारी भीड़ को देखते हुए जिले के कई थानों से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

# हादसों का गढ़ बनी सर्विस लाइन रोड , एनएचआई 158 पर हरिपुरा चौराहे की दुर्दशा, रोज हो रहे हादसे

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल

मांडल से ब्यावर जाने वाले नेशनल हाइवे 158 पर हरिपुरा चौराहे की सर्विस लाइन लोगों के लिए खतरे का मार्ग बन चुकी है। सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही और पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से यह मार्ग आए दिन हादसों का सबब बन रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन मानो किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

बरसात के चलते सर्विस लाइन पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिनमें पानी भरा हुआ है। इनमें बाइक और कारें फंस रही हैं, जबकि तिपहिया वाहन तो अक्सर पलट जाते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार स्थिति इतनी गंभीर है कि लगभग हर रोज कोई न कोई सड़क हादसे में घायल हो रहा है।

ग्रामीणों और राहगीरों ने आरोप लगाया कि एनएचआई विभाग और प्रशासन पूरी तरह लापरवाह है। न तो सड़क की मरम्मत की जा रही है और न ही पानी निकासी की कोई ठोस व्यवस्था की गई है। लोगों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को सिर्फ टोल वसूली की पड़ी है, जबकि सड़क सुरक्षा और सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।



C M Y K

# भीलवाड़ा में मानवता शर्मसार - कचरे के ढेर से नवजात शिशु जीवित मिली

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**


प्रतीकात्मक इमेज

शहर में मंगलवार रात एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां महज 5 घंटे की मासूम बच्ची को किसी अज्ञात ने कचरे के ढेर में छोड़ दिया। गनीमत रही कि आसपास से गुजर रहे ग्रामीणों ने बच्ची की रोने की आवाज सुन ली और तुरंत उसे बाहर निकालकर उसकी जान बचाई।

सूचना पर सुभाष नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने बताया है कि मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है ।

इस घटना की जानकारी मिलने पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष चंद्रकला ओझा और सदस्य विनोद राव भी अस्पताल पहुंचे और बच्ची के स्वास्थ्य की स्थिति जानी।

# जहाजपुर क्षेत्र में औद्योगिक विकास की शुरुआत, विधायक गोपीचंद मीणा की पहल रंग लाई

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**



जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र में औद्योगिक विकास की राह अब आसान होती दिख रही है। विधायक गोपीचंद मीणा की सक्रिय पहल पर विधानसभा में उठाए गए सवालों के जवाब में सरकार ने स्पष्ट किया है कि पण्डेर और पीपलून्द में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जबकि कोटड़ी रेडवास क्षेत्र के लिए भूमि चिन्हित करने की कार्यवाही जारी है। पण्डेर में ग्राम गुलाबपुरा की 19.49 हैक्टेयर भूमि आवंटित कर 13.74 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसी तरह पीपलून्द में भी 31 हैक्टेयर भूमि का आवंटन कर दिया गया है और नियोजन का काम प्रगति पर है। वहीं रेडवास में भूमि अनुपलब्ध रहने से फिलहाल आवंटन नहीं हो पाया, लेकिन ग्राम कोदिया की 20.79 हैक्टेयर भूमि को चिन्हित कर उस पर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

विधायक गोपीचंद मीणा ने इसे क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह तो केवल शुरुआत है, उनका सपना है कि जहाजपुर एक औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित हो और हर गाँव का हर युवा रोजगार से जुड़ सके।

# पुलिस ने 5 हजार के इनामी वारंटी को अजमेर से दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

पुलिस ने 5 हजार रुपये के इनामी वांछित वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी तीन अलग-अलग थानों में वांछित चल रहा था और न्यायालय से स्थायी वारंट जारी थे।

पुलिस ने बताया की टीम ने तलाश के दौरान पता लगाया कि आरोपी मोहम्मद इमरान उर्फ कानु पुत्र रफीक उर्फ लाला शेख, निवासी पथवारी के पास सांगानेरी गेट, सुभाषनगर, अजमेर दरगाह क्षेत्र में रहता है और वहीं भीख मांगने व जायरिनों को होटल में ठहराकर कमीशन वसूली का काम करता है। जिसके बाद लगातार निगरानी और अथक प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने आरोपी को दरगाह बाजार क्षेत्र से डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

# शिक्षक दिवस पर यूनेस्को करेगा 31 श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान

## आज सुभाष नगर स्कूल में होगा सम्मान समारोह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला यूनेस्को एसोसिएशन भीलवाड़ा एवं भारतीय जैन संगठन के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस के अवसर पर 4 सितंबर, गुरुवार को दोपहर 3 बजे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुभाष नगर में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर जिले के 31 श्रेष्ठ शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा।

जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश मेहरा होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर बाल्दी करेंगे। यूनेस्को के प्रदेश संयोजक गोपाललाल माली, पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शंकरलाल माली, जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष चेतन मानसिंहका, भारतीय जैन संगठन के संरक्षक आर.एल. टुकलिया एवं अध्यक्ष अनिल कोठारी अतिविशिष्ट अतिथि रहेंगे।

निर्णायक कमेटी के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने बताया कि श्रेष्ठ शिक्षकों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शिक्षक दिवस पर चयनित 31 शिक्षकों को यूनेस्को की ओर से मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में जिला यूनेस्को एसोसिएशन एवं भारतीय जैन संगठन के सभी पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# 3 दिन बाद मिला लापता युवक का शव, मॉर्च्युरी में देखकर भड़के परिजन

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस पर गंभीर लापरवाही का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**





शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र से 31 अगस्त को लापता हुआ युवक यशराज लखारा (24) बुधवार को मृत मिला। उसका शव महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में तीन दिन से रखा था। जैसे ही परिजनों ने शव की पहचान की, गुस्सा फूट पड़ा और बड़ी संख्या में समाज के लोग अस्पताल के बाहर जमा होकर पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे।

### आखिरी बार बोला था- "कुछ देर में घर आ जाऊंगा"

यशराज 31 अगस्त की रात घर से बाजार निकला था। बड़े भाई अभिषेक ने फोन किया तो उसने बताया कि वह दोस्तों के साथ जोधडास फाटक के पास होटल में खाना खा रहा है और जल्द घर लौट आएगा। इसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया और वह घर नहीं लौटा।

### वकील से खुला राज, शव 3 दिन से मॉर्च्युरी में रखा था

परिजनों ने खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। 1 सितंबर को सुभाष नगर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई। बुधवार को एक वकील से जानकारी मिली कि एमजीएच की मॉर्च्युरी में एक शव रखा है। जब परिवार वहां पहुंचा तो पता चला कि वह शव यशराज का ही है।

### पुलिस पर गंभीर आरोप

परिजनों का कहना है कि प्रतापनगर थाना पुलिस ने 31 अगस्त की रात रेलवे ट्रैक से शव बरामद किया और मॉर्चुरी में रखवा दिया। मृतक की जेब में इस दौरान पहचान के दस्तावेज भी थे, फिर भी परिवार को सूचना नहीं दी गई। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने घोर लापरवाही की और मामले को दबाने की कोशिश की।

### भाई ने जताई हत्या की आशंका

मृतक के भाई अभिषेक ने रिपोर्ट में लिखा कि यशराज की हत्या की गई है। उसके साथ मारपीट हुई, मोबाइल गायब कर दिया गया और शव को रेलवे ट्रैक पर डाल दिया गया ताकि घटना हादसा लगे।

### थाने के सिपाही पर भी शक

अभिषेक ने सुभाष नगर थाने के एक सिपाही पर संदेह जताया है। उसका कहना है कि 2 सितंबर को थाने जाने पर उस सिपाही ने कहा था कि यशराज की गाड़ी थाने में खड़ी है, जल्दी ले जाओ वरना गायब हो जाएगी। अभिषेक ने आरोप लगाया कि पहले भी उसी सिपाही ने यश राज को गुमराह किया था और इस बार भी उसकी भूमिका संदिग्ध है। उसने सिपाही की कॉल डिटेल निकलवाने की मांग की।

### नामजद लोगों पर आरोप, कार्रवाई की मांग

परिजनों का आरोप है कि यश की हत्या उन दोस्तों ने की, जिनके साथ वह खाना खाने बैठा था। उन्होंने जतींन और आशुतोष समेत कई लोगों के नाम रिपोर्ट में दिए। साथ ही परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी, परिवार को मुआवजा और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

# गुटखा व्यापारी से 9.90 लाख की लूट का पुलिस ने 4 घंटे में किया पर्दाफाश

## पूरी रकम बरामद - पुलिस ने 400 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




कोतवाली थाना क्षेत्र में गुटखा व्यापारी से हुई 9.90 लाख रुपये की लूट का खुलासा पुलिस ने मात्र चार घंटे में कर दिया। पुलिस ने मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर सम्पूर्ण लूट की राशि बरामद कर ली। वारदात का खुलासा वैज्ञानिक और तकनीकी विश्लेषण के जरिए किया गया।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर कोतवाली थानाधिकारी गजेन्द्रसिंह नरूका के नेतृत्व में पांच विशेष टीमें गठित की गईं। इन टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वारदात को सुलझाया। मंगलवार रात शास्त्रीनगर निवासी धर्मदास मंगनानी और उनका पुत्र सुनील दुकान बंद कर एक्टिवा से घर लौट रहे थे। मकान के बाहर सफेद रंग की स्विफ्ट कार से उतरे 6-7 बदमाशों ने उन पर हमला कर रुपये से भरा बैग लूट लिया। विरोध करने पर व्यापारी और उनके पुत्र को चोटें भी आईं। साइबर सेल और तकनीकी टीम ने गहन विश्लेषण कर संदिग्ध रूट और बदमाशों के हुलिए की पहचान की। इसके बाद हरणी महादेव के जंगल में सर्च अभियान चलाकर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से पूरी लूटी गई राशि बरामद कर ली गई। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी सरजीत सिंह पुत्र रतन सिंह (उम्र 23 वर्ष), निवासी खडब, कोटपुतली, जयपुर है। जांच में सामने आया कि वारदात की साजिश व्यापारी की दुकान पर पहले काम कर चुके नौकर की योजना के तहत रची गई थी।

# विधायक गोपीचंद मीणा ने कोटड़ी में हाई मास्क लाइट का किया शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी**



क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। बुधवार को नया बस स्टैंड परिसर में हाई मास्क लाइट का शुभारंभ विधायक गोपीचंद मीणा ने किया। इस सुविधा के शुरू होने से अब लोगों को रात के समय बेहतर रोशनी उपलब्ध होगी और आमजन को राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति प्रधान करण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, धर्मचंद जीनगर, पारोली मंडल अध्यक्ष दुर्गालाल धाकड़, असोप प्रशासक रमेश शर्मा, महावीर, कैलाश जाट सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे।

इस मौके पर विधायक मीणा ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव-गांव में सड़क, बिजली और प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। हाई मास्क लाइट लगने से बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्र में रात के समय आवाजाही और भी आसान और सुरक्षित होगी।

ग्रामीणों ने विधायक मीणा का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से लंबित मांग पूरी होने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। कार्यक्रम में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भी सहयोग दिया।



## QUICK BITES

## जलझूलनी एकादशी पर मांडल में भगवान का भव्य जलविहार

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल



जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर कस्बे के विभिन्न मंदिरों से भगवान भव्य शोभायात्रा के रूप में देव वाहन पर सवार होकर भक्तों के लवाजमे के साथ छोटे पुष्कर के नाम से प्रसिद्ध धर्म तलाई नाड़ी पहुंचे। यहां भगवान ने जलविहार किया। तलाई पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। शोभायात्रा में कस्बे के चारभुजा मंदिर, शेष सहाय धाम बड़ा मंदिर, मालियों का मंदिर, जाटों का मंदिर, तड़बा मोहल्ला स्थित रघुनाथ मंदिर, सांवरिया मंदिर, खाटू श्याम मंदिर, गोपालद्वारा मंदिर, सत्यनारायण मंदिर सहित सभी प्रमुख मंदिरों से भगवान के वाहन पधारे। नाड़ी पर सामूहिक महा आरती का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण हुआ। इससे पूर्व भगवान ने भक्तों के संग जलविहार कर सभी को दर्शन दिए।

शोभायात्रा के दौरान महावीर व्यायामशाला के पहलवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

## सावर उपखंड में एकादशी पर्व पर चारभुजा नाथ के बेवाण निकले

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



सावर उपखंड के कई गांवों में बुधवार को एकादशी पर्व पर भगवान चारभुजा नाथ के बेवाण धूमधाम से निकाले गए। गोरधा में मंदिरों से निकले बेवाण गलियों से गुजरते हुए भरनी नाड़ी पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने पवित्र जल में डुबकी लगाकर पूजा-अर्चना व आरती की। इस अवसर पर भजन मंडलों की प्रस्तुतियों ने भक्ति रस का वातावरण बना दिया।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शाहपुरा में जलझूलनी एकादशी पर हुआ जल विहार , निकली भव्य शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**पेसवानी ।** जलझूलनी एकादशी का पर्व बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महलों के चौक से ठाकुरजी के बेवाणों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शाही लवाजमे, बैंड-बाजे, सजीव झांकियां और अखाड़ा प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहे।

गरुड़ पर विराजमान भगवान विष्णु की झांकी, शिव-पार्वती, भगवान नृसिंह, कथकली नृत्य और महाकाल का डमरू नृत्य श्रद्धालुओं को भावविभोर कर गए। बच्चों के लिए विशाल गोरिल्ला वेश और युवाओं द्वारा ढोल-नृत्य ने शोभा बढ़ा दी। इस दौरान 10 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्पवर्षा और इत्र का छिड़काव कर माहौल को और भी भव्य बना दिया गया।

शोभायात्रा के साथ सभी मंदिरों के बेवाण पिवनियां तालाब पहुंचे, जहां भगवान का पारंपरिक जलविहार कराया गया। तालाब तट पर विशेष आसन सजाए गए और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पालिका व पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक महाआरती और रंग-बिरंगी आतिशबाजी के साथ हुआ। जयकारों और पुष्पवर्षा के बीच ठाकुरजी के बेवाण अपने-अपने मंदिर लौट गए, जिससे यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बन गया।

# ठाठ-बाठ से निकली भगवान ठाकुर जी की ऐतिहासिक बेवाण यात्रा

### विजयसागर तालाब पर हुआ नौका विहार और झूला झुलन, हजारों श्रद्धालु रहे शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



**( श्याम / रमेश )** कस्बे में बुधवार को जलझूलनी एकादशी के अवसर पर भगवान गोपाल की ऐतिहासिक बेवाण यात्रा बड़े ही ठाठ-बाठ और भव्यता के साथ निकाली गई। कस्बे में इस दौरान जबरदस्त उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। गढ़ पैलेस स्थित श्रीगोपाल मंदिर से प्रारंभ हुई यह यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई विजयसागर तालाब की पाल पर पहुंची, जहां भगवान को राजसी वैभव के साथ जलविहार कराया गया।

बेवाण यात्रा में सालम बिहारी मंदिर, मुरलीमनोहर मंदिर, अस्तल मंदिर, कोठे के ठाकुरजी, सनाढ्य ब्राह्मण समाज, माली समाज और चित्तोड़ा समाज सहित कई मंदिरों से ठाकुरजी नगर भ्रमण पर निकले। विजयसागर तालाब पर भगवान को नौका विहार के साथ झूला झुलाया गया।

इस दौरान गढ़ पैलेस से निकले श्रीगोपालजी की बेवाण के आगे राजपरिवार के सदस्य सोने-चांदी की छड़ी हाथ में लिए और राजसी छतरी के साथ परंपरागत रूप से चल रहे थे। राजसी वैभव और श्रद्धा का यह अनूठा संगम देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे, जो नाचते-गाते यात्रा में शामिल हुए। विजयसागर तालाब की पाल पर ठाकुरजी का विधिवत झूला झुलन, महाआरती और प्रसादी वितरण किया गया। ऐतिहासिक परंपरा से जुड़ी इस बेवाण यात्रा ने कस्बे में धार्मिक उल्लास का अनोखा वातावरण निर्मित किया।

# नौगांवा में ठाकुरजी की भव्य पालकी यात्रा, उमड़ा जनसैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



**(पंकज पोरवाल)** नौगांवा स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में जलझूलनी एकादशी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर, भीलवाड़ा से 600 श्रद्धालुओं की पदयात्रा पहुंची, वहीं कार्यक्रम की शुरुआत दुग्धाभिषेक और विश्व शांति हवन से हुई।

दोपहर 2.30 बजे ठाकुरजी की पालकी यात्रा मंदिर से निकलकर तालाब पहुंची। पालकी को कंधा देने के लिए जनप्रतिनिधियों, मंडल सदस्यों और श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। यात्रा जयकारों से गूंज उठी। शाम 6.15 बजे ठाकुरजी के मंदिर लौटने पर महाआरती के साथ महोत्सव का समापन हुआ। श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा, पेयजल और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई। मंदिर अध्यक्ष गोविन्द प्रसाद सोडानी ने सफल आयोजन के लिए भक्तों का आभार जताया।

# ठाकुरजी ने बारिश की बूंदों के बीच किया जलविहार, चावंडिया में 4 घंटे तक रही जलक्रीड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** जलझूलनी एकादशी पर सवाईपुर क्षेत्र के सोपुरा, सालरिया, ढेलाणा, बनकाखेड़ा, चावंडिया, बड़ला, ककरोलिया माफी, लसाड़िया, रेड़वास, कुड़ी, बोरखेड़ा, जित्यास, नोहरा, खजीना, खरेड़, कांदा सहित कई गांवों में श्रद्धा और उत्साह के साथ ठाकुरजी का जलविहार हुआ।

शुभ मुहूर्त में ठाकुरजी को रजत रेवाड़ी में विराजमान कर भक्तों के कंधों पर सरोवर और नदियों तक ले जाया गया। वहां ठाकुरजी ने भक्तों संग जलक्रीड़ा की, आरती हुई और प्रसाद वितरण के बाद ठाकुरजी नगर भ्रमण पर निकले। जगह-जगह आरती और स्वागत के बाद ठाकुरजी अपने निजधाम लौटे।

ड़साणिया का खेड़ा गांव में चारभुजानाथ को छप्पन भोग अर्पित किया गया। वहीं चावंडिया गांव में दोपहर 2-15 बजे ठाकुरजी चामुंडा माता तालाब पहुंचे, जहां चार घंटे तक नाव में विराजमान होकर जलविहार किया। इस दौरान भक्तों संग जलक्रीड़ा, ड्रोन से पुष्पवर्षा और तेजा गायन हुआ। सायं 6-15 बजे महाआरती के बाद ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो देर रात तक गांव में भ्रमण करती रही।

# राम रेवड़ियों का जलझूलन किया , आकोला कस्बे में निकली शोभायात्रा, बनास नदी पर हुई महाआरती

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक।** कस्बे सहित आसपास के गांवों में बुधवार को भगवान की राम रेवड़ियों का जलझूलन श्रद्धा और उत्साह के साथ कराया गया। कस्बे में दोपहर सवा तीन बजे लक्ष्मीनाथ मंदिर से राम रेवाड़ी डीजे की धुन और शोभायात्रा के साथ रवाना हुई। शोभायात्रा सदर बाजार, छिपो का मंदिर, शिवालय होते हुए बनास नदी तक पहुंची। यहां भगवान का झलझूलन कराया गया। इस अवसर पर पुजारी दिनेश पाराशर, गणेश पाराशर और सांवर मल पाराशर ने विधिवत महाआरती संपन्न करवाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।



# शाहपुरा में छह सफाई कर्मचारियों की सेवा बहाल, वीडियो प्रकरण पर समाप्त हुआ विवाद

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**पेसवानी ।** नगर पालिका के छह सफाई कर्मचारियों को सेवा में बहाल कर दिया गया है। ये कर्मचारी बेजुबान कुत्तों को पकड़ने के दौरान वायरल हुए एक वीडियो के चलते निलंबित कर दिए गए थे।

नगर में लगातार बढ़ रही डॉग बाइट की घटनाओं को देखते हुए पालिका प्रशासन ने कर्मचारियों को बेजुबान कुत्तों को पकड़ने के निर्देश दिए थे। इसी दौरान की गई कार्रवाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामले को गंभीर मानते हुए नगर पालिका आयुक्त रिंकल गुप्ता ने तत्काल प्रभाव से छह सफाई कर्मचारियों को निलंबित कर दिया।



बाद में वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांग ली और वीडियो को हटा भी लिया। इसके बावजूद शहर में माहौल गरमा गया। सामाजिक संस्थाएं और सफाई कर्मचारी यूनियन कर्मचारियों के समर्थन में आगे आए। उन्होंने उपखंड अधिकारी, पालिका आयुक्त और अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर निलंबन वापस लेने की मांग की। यूनियन ने हड़ताल की चेतावनी भी दी थी। स्थिति को देखते हुए शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों का निलंबन अनुचित है और इस मामले में उन्होंने उच्चाधिकारियों से बात की। इसके बाद डीएलबी (डायरेक्टरेट ऑफ लोकल बॉडीज) ने सभी छह कर्मचारियों की बहाली के आदेश जारी कर दिए। मंगलवार को देर रात विधायक ने अपने कार्यालय में कर्मचारियों को बहाली आदेश सौंपे। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष रघुनंदन सोनी व भाजपा नेता भी मौजूद रहे। सफाई कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र घुसर ने विधायक और पालिका प्रशासन का आभार जताया।

# विधायक कोठारी ने कि शहरी निकायों में मेयर-चेयरमैन का प्रत्यक्ष चुनाव कराने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने बुधवार को विधानसभा में शहरी निकायों के मेयर और चेयरमैन का चुनाव सीधे जनता के वोटों से कराने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था लोकतांत्रिक मूल्यों के अधिक अनुरूप होगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में सहायक सिद्ध होगी। कोठारी ने विशेष उल्लेख प्रस्ताव के माध्यम से सरकार से आग्रह किया कि राजस्थान में भी अन्य राज्यों की तरह



प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली लागू की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पार्षदों द्वारा कराए जाने वाले अप्रत्यक्ष चुनावों में धनबल और बाहुबल का दुरुपयोग होता है, जिससे निजी स्वार्थ रखने वाले लोग पद पर आसीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली से जनता खुद को ठगा हुआ महसूस करती है और चुने गए पदाधिकारी अक्सर खर्च की गई राशि की भरपाई के चक्कर में निकायों को लूट-खसोट का केंद्र बना देते हैं। प्रत्यक्ष चुनाव से पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता की भावना का सही प्रतिनिधित्व होगा।

# रुद्रेश्वर महाराज का आशीर्वचन, 5 व 6 सितंबर को लगेगा दिव्य चमत्कारी दरबार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सनातन संस्कृति के संरक्षण और अध्यात्म की परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए भीलवाड़ा में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला शुरू हो गई है। संजय कॉलोनी स्थित माहेश्वरी भवन में बुधवार शाम वीरेश्वर धाम कानपुर के रुद्रेश्वर महाराज ने भक्तों को संबोधित किया और धर्म कार्यों में सक्रिय रहने का संदेश दिया।

गुरुवार को ओम जय महाकाल मंगल धाम शिव अखाड़ा एवं ओम जय बैरन दरबार आसींद के महंत मदन पुरी महाराज व अजब आनंदपुरी गुरुदेव के चरण पादुका पूजन का कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद 5 सितंबर को दोपहर 12:15 बजे आसींद में गुरु गादी व चरण पादुका की विशेष पूजा संपन्न की जाएगी।

इसी क्रम में 5 और 6 सितंबर को संजय कॉलोनी माहेश्वरी भवन में रुद्रेश्वर महाराज द्वारा दिव्य चमत्कारी दरबार सजाया जाएगा।



यह दरबार दोपहर 12:15 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें श्रद्धालुओं की समस्याओं का समाधान और आशीर्वचन प्रदान किए जाएंगे।

# काछोला में ठाकुरजी के जलविहार पर उमड़ा आस्था का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

जलझूलनी एकादशी के पावन अवसर पर बुधवार को ठाकुरजी के जलविहार पर नगर आस्था और भक्ति में डूब गया। श्रद्धालुओं ने पलक पांवड़े बिछाकर ठाकुरजी का स्वागत किया। नगर की गलियां भक्ति गीतों और जयकारों से गूंज उठीं।

राजगढ़ रोड स्थित रामबड़ से भगवान कुंज बिहारी की रेवाड़ी के साथ जलझूलनी एकादशी का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यात्रा में आगे बढ़ते हुए विभिन्न मंदिरों की रेवाड़ियां भी शामिल होती गईं। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा और मंगलगान कर ठाकुरजी का अभिनंदन किया।



मुख्य कार्यक्रम बस स्टैंड पर हुआ, जहां करीब दो घंटे तक भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां चलीं। भक्तगण पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। पुरुषों ने धोती-कुर्ता, साफा व पगड़ी धारण की, वहीं महिलाओं ने लाल और पीली चूनर पहनकर भक्ति भाव से भागीदारी निभाई।

## QUICK BITES

### जलझूलनी एकादशी पर राधा कृष्ण मंदिर से धूमधाम से निकली शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ



क्षेत्र में बुधवार को जलझूलनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राधा कृष्ण मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

जुलूस में हाथी-घोड़ा, पालकी और ÷जय कन्हैया लाल की÷ के गगनभेदी जयकारों के बीच बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। शोभायात्रा धाकड़ मोहल्ला, सदर बाजार और गणगौरी चौक से होती हुई अवली नदी पहुंची, जहां भगवान का पारंपरिक जलविहार संपन्न हुआ।

अवली नदी तट पर भगवान की पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से आकोला में

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला

**जसवंत पारीक।** 69वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार से आकोला कस्बे में किया जाएगा। इस संबंध में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आकोला की प्रिंसिपल मनीषा पारीक ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर से टीमें हिस्सा लेंगी।

प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9 बजे होगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और खेल मैदान को प्रतियोगिता के अनुरूप सजाया गया है। खेल प्रेमियों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह देखा जा रहा है।

### गुरलां में जलझूलनी एकादशी पर निकले देव विमान, रणजीत सागर में हुआ जलविहार

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला



जलझूलनी एकादशी पर बुधवार को गुरलां के विभिन्न मंदिरों से ठाकुरजी के भव्य देव विमान निकाले गए। फूलों से सजे विमानों में ठाकुरजी को नई पोशाक पहनाकर विराजमान किया गया और जयकारों के बीच नगर भ्रमण कराया गया।

चारभुजा नाथ, सांवरिया सेठ, लक्ष्मीनाथ, श्रीराम मंदिर सहित अन्य मंदिरों के विमानों को रणजीत सागर तालाब में जलविहार कराया गया। इसके बाद सामूहिक महाआरती और प्रसाद वितरण हुआ।

गाजे-बाजे और भजनों पर श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह पुष्पवर्षा और स्वागत हुआ, जबकि श्रद्धालुओं ने देव विमानों के नीचे से गुजरकर सुख-समृद्धि की कामना की।

# सूचना न देने पर उपखंड अधिकारी कोटड़ी तलब

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराने पर राजस्थान राज्य सूचना आयोग, जयपुर ने उपखंड अधिकारी कोटड़ी को तलब किया है। राज्य सूचना आयोग के न्यायाधीश महेंद्र कुमार पारख ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

जानकारी के अनुसार, प्रकाश जैन ने 19 मार्च को तहसील कार्यालय कोटड़ी से पटवार हल्का बनका खेड़ा से संबंधित सूचनाएं मांगी थीं। तय समयावधि में जानकारी उपलब्ध नहीं कराए जाने पर जैन ने द्वितीय अपील प्रस्तुत की।

मामले पर सुनवाई करते हुए आयोग ने उपखंड अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वे 19 सितंबर को सुबह 11 बजे कोर्ट नंबर-03, ओटीएस चौराहा, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर में संबंधित दस्तावेजों सहित उपस्थित हों।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।